भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
लोक उद्यम विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2308

दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को उत्तर देने के लिए

घाटे में चल रहे पीएसयू

2308. श्री एस. ज्ञानतिरावियम:
श्री हाजी फजलुर रहमान:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में सरकारी क्षेत्र के कितने उद्यम/उपक्रम हैं और इनमें से कितने घाटे में चल रहे हैं तथा विगत तीन वर्षों के दौरान उन्हें कितना घाटा हुआ है;
(ख) क्या सरकार उन्हें घाटे से उबारने के लिए तथा उनके कार्य-निष्पादन में सुधार लाने हेतु किसी योजना पर कार्य कर रही है अथवा योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने घाटे में चल रहे सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों की भूमि को बेचने की योजना बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(डॉ. भागवत किशनराव कराड)

(क): लोक उद्यम सर्वेक्षण 2021-22 में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 31 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसईज़) हैं, जिन्हें वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक तीन वर्षों तक लगातार घाटा हुआ है। प्रत्येक सीपीएसई को हुई हानि का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख) और (ग): प्रत्येक सीपीएसई में घाटे के कारण भिन्न-भिन्न होते हैं। संबंधित सीपीएसईज़ पर अधिकार क्षेत्र रखने वाले संबंधित बोर्डों और प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा उनके कायापलट या अन्यथा के लिए उद्यम विशिष्ट उपाय किए जाते हैं। इनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, व्यवसाय पुनर्संरचना, संयुक्त उद्यमों का गठन, आधुनिकीकरण और उन्नत विपणन कार्यनीतियां शामिल हैं। सरकार ने फरवरी, 2021 में नई सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (पीएसई) नीति भी अधिसूचित की है, जिसके अनुसार सीपीएसईज़ को

निर्धारित मानदंडों के आधार पर रणनीतिक और गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। इसलिए, सीपीएसईज़ को केवल नई सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम नीति के प्रावधानों के अनुसार कार्य करना है।

*****

अनुबंध

पिछले वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 में लगातार घाटे में चल रहे सीपीएसई

(रूपये लाख में)

क्र. सं.	सजातीय समूह/सीपीएसई	2021-22	2020-21	2019-20
1	एचपीसीएल बायोफ्यूल्स लिमिटेड	-6695	-8008	-8555
2	भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड	-2281	-179685	-91503
3	उड़ीसा मिनरल डेवलपमेंट कंपनी लि.	-1449	-3965	-7669
4	ब्रह्मपुत्र वैली फ़र्टिलाइज़र कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-9764	-13775	-12970
5	भारत इम्यूनोलॉजिकल एंड बायोलॉजिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-875	-1811	-1021
6	गोवा एंटीबायोटिक्स एवं फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड	-666	-1156	-543
7	हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड	-1621	-3826	-13840
8	हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-25607	-17578	-40537
9	एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड	-14573	-13279	-9872
10	हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड	-284	-316	-249
11	नैनी एयरोस्पेस लिमिटेड	-1282	-1104	-908
12	राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड	-846	-1278	-1707
13	नेपा लि.	-5990	-5390	-7126
14	औरंगाबाद टेक्सटाइल्स एंड अपैरल पार्क लिमिटेड	-75	-76	-76
15	नेशनल टेक्सटाइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-30586	-31550	-34655
16	सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	-2438	-2992	-925
17	एम एम टी सी लिमिटेड	-24193	-76969	-22711
18	राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लि.	-157	-963	-1119
19	उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड	-110	-110	-439
20	उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कृषि मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	-630	-630	-698
21	एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड	-44776	-36009	-23520
22	बीपीसीएल-किआल फ्यूल फार्म प्राइवेट लिमिटेड	-385	-606	-197
23	फ्रेश एंड हेल्दी एंटरप्राइजेज लिमिटेड	-373	-484	-645
24	पवन हंस लिमिटेड	-1811	-1745	-1346

क्र. सं.	सजातीय समूह/सीपीएसई	2021-22	2020-21	2019-20
25	विशाखापत्तनम पोर्ट लॉजिस्टिक्स पार्क लिमिटेड	-821	-1259	-1605
26	इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड	-2462	-2138	-1717
27	इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड	-1205	-1406	-3083
28	टीसीआईएल लखनादौन टोल रोड लिमिटेड	-520	-300	-756
29	होटल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	-9432	-9732	-5555
30	भारत संचार निगम लिमिटेड	-698162	-744112	-1549952
31	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड	-260259	-246180	-369568